हिन्दुस्तान लखनऊ, मंगलवार, 12 अप्रैल 2022

फूलों की होली की मोहक छटा बिखरी

लखनऊ। तुलसी शोध संस्थान श्रीराम लीला समिति ऐशबाग के तत्वावधान श्रीरामलीला मैदान में चल रहे भारतीय नववर्ष मेला व चैती महोत्सव 2022 का समापन किया गया। सोमवार को अंतिम संस्कृतिक संध्या में अवधी लोक गीतों संग बृज की फूलों की होली की मोहक छटा बिखरी।

कार्यक्रम का शुभारंभ ब्रज लोक संस्कृति एवं सेवा संस्थान के कलाकारों ने बृज की फूलों की होली के साथ किया। कलाकारों ने फूलों से होली खेलते हुए भावपूर्ण अभिनय युक्त नृत्य प्रस्तुत कर कलाप्रेमी दर्शकों को भाव विभोर कर दिया।

श्रीरामलीला मैदान में चल रहे भारतीय नववर्ष मेला व चैती महोत्सव के समापन पर सोमवार को फूलों की होली खेली गई।